Work sheet- October-2019

Hindi (Grammar)

Grade: IX

प्र.1. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

झम-झम- झम-झम मेघ बरसते हैं सावन के,
छम-छम-छम गिरती बूँदें, तरुओं से छन के,
चम-चम बिजली चमक रही रे उर में घन के,
थम-थम दिन के तम में सपने जगते मन के ।।
नाच रहे पागल हो ताली दे-दे चल -दल
झूम- झूम सिर नीम हिलाती सुख से विह्वल,
हरसिंगार झरते बेला-कलि बढ़ती प्रतिपल,
हँसमुख हरियाली में खगकुल गाते मंगल।।
दादुर टर-टर करते झिल्ली बजती झन-झन
'म्याव-म्याव' रे मोर 'पीवु-पिवु' चातक के गण
उड़ते सोनबलाक, आर्द्र सुख से कर क्रंदन
घुमड़-घुमड़ घिर मेघ गगन में करते गर्जन ।।
पकड़ वारि की धार झूलता है मेरा मन,
आओ रे सब मुझे घेरकर गाओ सावन,
इंद्रधनुष के झूले में झूलें मिल सब जन,
फ़िर-फ़िर आए जीवन में सावन मनभावन।।

क. किस पेड़ की डाली झूम- झूम कर सिर हिला रही है ?

____

____

ख. कवि सावन में किस प्रकार आनंदित हो रहा है ?

____

____

ग. कविता के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

____

घ. ‘घन’ के दो पर्यायवाची लिखिए ।

1. __________________ 2.___________

ड. उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए ।

उपसर्ग मूल शब्द उपसर्ग मूल शब्द

1. हरसिंगार - __________________ 2. हँसमुख _________________

च. प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए ।

प्रत्यय मूल शब्द प्रत्यय मूल शब्द

1. खगकुल __________________ 2. घेरकर __________________

प्र.2. वर्ण- विच्छेद कीजिए।

1. विह्वल - ______________________________
2. हरसिंगार - ______________________________
3. इंद्रधनुष - ______________________________
4- गर्जन - ______________________________
5. बूँदें - ______________________________

प्र.3. किसी शिक्षक की प्रशंसा करते हुए दो छात्रों के मध्य हुए वार्तालाप को संवाद रूप में लिखिए ।